दिन– गुरुवार दिनांक– 11/09/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केंद्रीय मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में जिलों के समग्र विकास पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।

02. नेपाल में जेन जी आंदोलन और अपराधियों के जेल तोड़कर भागने की घटनाओं के बाद राज्य सरकार ने सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी की।

03. राजस्व और भूमि सुधार विभाग राज्य में चल रहे राजस्व महाअभियान के तहत पंचायतों में अतिरिक्त शिविर लगायेगा।

04. और, मौसम विभाग ने आज पश्चिम चम्पारण, सुपौल, अररिया, सीतामढ़ी, और किशनगंज समेत आठ जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

———————————————————————

पटना में आज से जिलों के समग्र विकास पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। यह कार्यक्रम प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग की ओर से बिहार सरकार के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। और ब्यौरे के साथ हैं, हमारे संवाददाता।

———बाईट———

इस सम्मेलन में बीस से अधिक वक्ता, जिनमें जिला कलेक्टर, जिला मजिस्ट्रेट तथा राज्य सरकारों और केंद्र के वरिष्ठ अधिकारी अपने नवोन्मेष तथा श्रेष्ठ प्रथाओं को प्रस्तुत करेंगे। सम्मेलन का उद्देश्य देशभर के जिलों द्वारा अपनाई गई नवोन्मेषी सुशासन की कार्यप्रणालियों पर चर्चा और उसका आदान प्रदान करना है। सम्मेलन में सुशासन के उन मॉडलों को प्रदर्शित किया जाएगा जिन्हें प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। यह कार्यक्रम इस बात को भी रेखांकित करेगा कि किस प्रकार इन विचारों ने जिलों के समग्र विकास में परिणाम दिए हैं। इसके साथ ही प्रशासन और बिहार सरकार में किए गए नवाचारों की भी प्रस्तुतियां होंगी। इस सम्मेलन के दौरान समग्र विकास, डिजिटल गवर्नेंस, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण रूपांतरण और लोक सेवा प्रदायगी जैसे अनेक विषय शामिल होंगे। सम्मेलन में देशभर से 300 से अधिक प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से धर्मेन्द्र कुमार राय।

———————————————————————

नेपाल में जेन जी आंदोलन और अपराधियों के जेल तोड़कर भागने की घटनाओं के बाद बिहार सरकार ने सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा व्यवस्था और कडीा कर दी है। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने पटना में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। साथ ही राज्य के प्रतिष्ठित संस्थानों और महत्वपूर्ण आधारभूत संरचनाओं जैसे पुल, रेलवे स्टेशन, पावर प्लांट आदि पर भी कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिये गये हैं।

इधर, नेपाल में जारी गतिरोध को देखते हुए राज्य के सीमावर्ती जिलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। सीमा पर व्यापार चौकियों और अन्य प्रवेश बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। बिहार पुलिस और एसएसबी की टीम सीमा पर आने–जाने वालों की गहन जांच कर रही है। इधर, नेपाल जेल से भागे तीस कैदियों को बिहार की सीमा में घुसने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। वहीं, एसएसबी की टीम ने नेपाल की गौर जेल से फरार पांच कैदियों को भी मोतिहारी के रास्ते भारतीय सीमा में प्रवेश करते समय गिरफ्तार कर लिया। बिहार में भारत–नेपाल सीमा करीब सात सौ छब्बीस किलोमीटर लंबी है और सात जिलों पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज को छूती है। बिहार में दोनों देशों के बीच सीमा का एक बड़ा हिस्सा खुला है। इसे देखते हुए विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पश्चिम चंपारण के एसपी डॉ. शौर्य सुमन ने कहा कि हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है और पुलिस तथा एसएसबी की संयुक्त गश्त की जा रही है।

———बाइट———

इस बीच नेपाली अधिकारियों के अनुरोध पर नेपाल के जनकपुर और मधुबनी के जयनगर के बीच रेल सेवाएं स्थगित कर दी गई हैं। वहीं, समस्तीपुर मंडल के जयनगर से कुर्था के बीच चलने वाली सभी ट्रेनों का परिचालन भी कल शाम से बंद कर दिया गया है।

———————————————————————————

नेपाल के स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्रालय ने पुष्टि की है कि 8 सितंबर को युवा प्रदर्शनकारियों के आंदोलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर तीस हो गई है। मंत्रालय के अनुसार, देशव्यापी आंदोलन के दौरान एक हज़ार से ज़्यादा लोग घायल हुए हैं। केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सरकार की ओर से सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने के विरोध में यह प्रदर्शन आठ सितंबर को काठमांडू में शुरू हुए थे।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंद्रह सितम्बर को पूर्णिया में आयोजित कार्यक्रम के दौरानबिहार को चालीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री कोसी–मेची लिंक परियोजना की भी आधारशिला रखेंगे।

———बाइट———

इधर, कटिहार रेल मंडल के वरिष्ठ डीसीएम अनुप कुमार सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री पूर्णियां से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से कटिहार मंडल में एक वंदे भारत

समेत तीन रेलगाड़ियों को झंडी दिखायेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री अररिया–गलगलिया नई रेललाईन का भी शुभारंभ करेंगे।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

इस साल स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिवाली तक वस्तु और सेवा कर–जीएसटी में नए सुधारों की घोषणा की थी। जीएसटी परिषद ने तीन सितंबर को आम लोगों को राहत प्रदान करने के लिए दरों को युक्तिसंगत बनाने की मंजूरी दी। आज हम बात करेंगे कि ये सुधार घरेलू इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं को और अधिक किफायती बनाकर मध्यम वर्ग की कैसे मदद करते हैं। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

केंद्र सरकार ने हाल में जीएसटी दरों में बदलाव के बाद पूर्व–पैक वस्तुओं के निर्माताओं, पैकर्स और आयातकों को इकतीस दिसंबर तक बिना बिके स्टॉक पर संशोधित अधिकतम खुदरा मूल्य – एमआरपी घोषित करने की अनुमति दे दी है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार वस्तुओं पर मूल एमआरपी दिखाई देनी चाहिए।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने राजस्व महाअभियान को गति देने के लिए पंचायतों में दो से अधिक अतिरिकत शिविर लगाने का निर्णय लिया है। विभाग के सचिव जय सिंह ने सभी जिला समाहर्ताओं को इस संबंध में निर्देश जारी किये हैं। सचिव ने कहा कि महादलित टोलों और बस्तियों में विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गये हैं। इस बीच, विभाग ने यह स्पष्ट किया है कि जन प्रतिनिधियों को भी उनके नाम से संबंधित भूमि की जमाबंदी पंजी की प्रति और विहित प्रपत्र उपलब्ध कराना अनिवार्य है। गौरतलब है कि सोलह अगस्त से शुरू हुआ यह राजस्व महा–अभियान बीस सितम्बर तक चलेगा।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बहुजन समाज पार्टी की ओर से सर्वजन हिताय जागरूकता यात्रा निकाली जा रही है। पार्टी के मुख्य राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद ने कल कैमूर जिले से इस ग्यारह दिवसीय यात्रा की शुरूआत की। यह यात्रा राज्य के तेरह जिलों से गुजरेगी। गौरतलब है कि बसपा प्रमुख मायावती ने प्रदेश में सभी दो सौ तैंतालीस सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा की है।

---

रेलवे में जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद और उनकी पत्नी राबड़ी देवी सहित एक सौ तीन आरोपितों के खिलाफ आरोप तय करने के मामले में निर्णय टल गया है। दिल्ली की विशेष अदालत में सुनवाई के बाद कल कोई फैसला नहीं सुनाया जा सका। न्यायालय ने कहा कि इस पर फैसला लिखा जा रहा है। मामले की अगली सुनवाई चौबीस सितम्बर को होगी।

---

प्रदेश में मानसून की सक्रियता से विभिन्न भागों में अच्छी बारिश हो रही है। पटना और आस–पास के क्षेत्रों में सुबह से ही बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, सुपौल अररिया, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्वी जिलों में मेघगर्जन, वज्रताप की भी आशंका है।

---

रेलवे ने यात्रियों की मांग के मद्देनजर राजेंद्र नगर टर्मिनल से नई दिल्ली तेजस राजधानी एक्सप्रेस और सम्पूर्ण क्रांति एक्सप्रेस का ठहराव दानापुर स्टेशन पर दिया है। राज्यसभा सांसद भीम सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव और विधान पार्षद श्रीमती अनामिका सिंह पटेल ने कल दानापुर स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर इन ट्रेनों को रवाना किया।

---

बेगूसराय जिले के मटिहानी थाना क्षेत्र अंतर्गत खरीदी मोड़ के पास अपराधियों ने एक सीएसपी संचालक से हथियार के बल पर दो लाख उनतालीस हजार रुपये और एक लैपटॉप लूट लिए।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– मुख्यमंत्री ने पेंशनधारियों के खाते में भेजे एक हजार दो सौ चौंसठ करोड़ रूपये।

दैनिक जागरण ने नेपाल से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– सेना के हाथ में नेपाल, जेन–जी ने मांगा हिंदू राष्ट्र।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है– तेजस्वी को सीएम फेस बनाने पर कांग्रेस की ना। कांग्रेस प्रभारी अल्लावरू बोले– बिहार की जनता चुनेगी मुख्यमंत्री।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केंद्रीय मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में जिलों के समग्र विकास पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।

02. नेपाल में जेन जी आंदोलन और अपराधियों के जेल तोड़कर भागने की घटनाओं के बाद राज्य सरकार ने सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी की।

03. राजस्व और भूमि सुधार विभाग राज्य में चल रहे राजस्व महाअभियान के तहत पंचायतों में अतिरिक्त शिविर लगायेगा।

04. और, मौसम विभाग ने आज पश्चिम चम्पारण, सुपौल, अररिया, सीतामढ़ी, और किशनगंज समेत आठ जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।